कभी सुख है कभी दुःख है वक़्त का ये तराना है

कभी सुख है कभी दुःख है वक़्त का ये तराना है,
शक्ति देना हमे बाबा गमो में मुस्कुराना है,

सफर ये है बड़ा मुश्किल साई एहसान कर देना,
पाँव कांटे चुभे जब जब साई मुस्कान भर देना ,
ना हारु हार कर खुद मैं सफर आगे बढ़ाना है ,
नेकियों के मुबारक रास्तो पे चलते जाना है,
कभी सुख है कभी दुःख है वक़्त का ये तराना है,

कभी न रूठना हमसे आबरू आ बचा लेना,
आप को भूल से भूले तो भी बाबा निभा लेना,
बलि से दूर हो कर आप को दिल में वसा न है,
शिरडी के रस्ते चल कर साई के द्वार जाना है
कभी सुख है कभी दुःख है वक़्त का ये तराना है,

नाथ जब साथ तुम होंगे छल कपट दूर सब होंगे,
चाँद तारो से जीवन में हजारो नूर सब होंगे ,
सूखा कर मौज नफरत की प्यार साई का पाना है,
अँधेरे आप की भगति से जीवन के मिटाना है,
कभी सुख है कभी दुःख है वक़्त का ये तराना है,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15447/title/kabhi-sukh-hai-kabhi-dukh-hai-waqt-ka-ye-tarana-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |